Title: Need to accord the status of Martyr (Shaheed) to the armed forces who lay down their lives in the line of duty- Laid

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): मेरे लोकसभा क्षेत्र भरतपुर सहित देश के लाखों जवान आर्मी तथा आर्म्ड फोर्सेज में कार्य करते हुए देश सेवा कर रहे हैं। देश की सीमा अथवा आमजन की सुरक्षा के लिए विभिन्न आर्म्ड फोर्सेज अथवा सेना की तैनाती की जाती हैं, अधितकतम समय में सेना युद्ध काल के समय तेनात की जाती रही है, लेकिन विभिन्न आर्म्ड फोर्स के जवान सीमा अथवा संवेदनशील इलाकों में देश की सुरक्षा में हमेशा तैनात रहते हैं । कई बार इन आर्म्ड फोर्सेज के जवानों की देश की रक्षा करते हुए मृत्यु हो जाती है परंतु उनको शहीद का दर्जा नहीं मिल पाता है। मेरा माननीय रक्षा मंत्री जी से निवेदन है कि देश अथवा आमजन की रक्षा करते हुए ऐसे आर्म्ड फोर्सेज के जवानों की मृत्यु होने पर उनको शहीद का दर्जा दिया जाएं तो आपकी अति कृपा होगी ।